# Weekly One Liners 15th to 21st August 2022

## Independence Day 2022: पीएम मोदी ने लाल किले से देश को किया संबोधित

इस साल 15 अगस्त को भारत अपना 76वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार 9वें साल नई दिल्ली में लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रध्वज फहराया है। देशभर में 'आजादी के अमृत महोत्सव' की धूम है और जनता के बीच भी 15 अगस्त को लेकर खासा उत्साह दिखाई दे रहा है।
लोगों ने अपने घरों पर भी तिरंगा लगाया है और सोशल मीडिया पर भी लाखों लोगों ने अपनी डीपी में तिरंगा लगाया है। सरकार 'हर घर तिरंगा' अभियान चला रही है, जिसके तहत सभी भारतीयों को अपने घरों पर भी तिरंगा फहराया जाना है।

**लगातार 9वीं बार तिरंगा फहराया**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले पर लगातार 9वीं बार तिरंगा फहराया। केवल पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू (17), इंदिरा गांधी (16) और मनमोहन सिंह (10) ने ही पीएम मोदी से अधिक बार स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया है।

**देश को संबोधित किया**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से देश को संबोधित करते हुए कहा है, "डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद हों, नेहरू जी हों, सरदार वल्लभ भाई पटेल हों, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, लाल बहादुर शास्त्री, दीनदयाल उपाध्याय, अनगिनत ऐसे महापुरुषों को आज नमन करने का अवसर है।" उन्होंने कहा, "हम आदिवासी समाज का भी गौरव करना नहीं भूल सकते...जिन्होंने आज़ादी में योगदान दिया।"

**पीएम मोदी ने दिया भाषण**
पीएम मोदी ने लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को 9वीं बार संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कुल एक घंटे 24 मिनट और 4 सेकेंड तक भाषण दिया। पीएम मोदी ने लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि हमने देखा है कि कभी कभी हमारी प्रतिभा भाषा के बंधनों में बंध जाती है। ये गुलामी की मानसिकता का परिणाम है। हमें हमारे देश की हर भाषा पर गर्व होना चाहिए।




**विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस**
पीएम मोदी ने कहा कि कल 14 अगस्त को भारत ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर हमने उन लोगों को भारी मन से याद किया जिन्होंने हमारे तिरंगे के सम्मान और मातृभूमि के प्रति प्रेम लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए देश को महिलाओं का अनादर बंद करने का संकल्प लेने का सशक्त संदेश दिया है।

## भारत में रामसर स्थलों की सूची में 11 और आर्द्रभूमि जुड़ीं

भारत में स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में देश में 13,26,677 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करते हुए कुल 75 रामसर स्थलों को बनाने के लिए रामसर स्थलों की सूची में 11 और आर्द्रभूमि शामिल हो गई हैं। 11 नए स्थलों में तमिलनाडु में चार, ओडिशा में तीन, जम्मू और कश्मीर में दो और मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र प्रत्येक में एक शामिल हैं। इन स्थलों को नामित करने से इन आर्द्रभूमियों के संरक्षण और प्रबंधन तथा इनके संसाधनों के कौशलपूर्ण रूप से उपयोग करने में सहायता मिलेगी।
1971 में ईरान के रामसर में रामसर संधि पत्र पर हस्ताक्षर के अनुबंध करने वाले पक्षों में से भारत एक है। भारत ने 1 फरवरी, 1982 को इस पर हस्ताक्षर किए। 1982 से 2013 के दौरान, रामसर स्थलों की सूची में कुल 26 स्थलों को जोड़ा गया, हालांकि, इस दौरान 2014 से 2022 तक, देश ने रामसर स्थलों की सूची में 49 नई आर्द्रभूमि जोड़ी हैं।

**28 स्थलों को रामसर स्थल घोषित**
इस वर्ष (2022) के दौरान ही कुल 28 स्थलों को रामसर स्थल घोषित किया गया है। रामसर प्रमाण पत्र में अंकित स्थल की तिथि के आधार पर इस वर्ष (2022) के लिए 19 स्थल और पिछले वर्ष (2021) के लिए 14 स्थल हैं। तमिलनाडु में अधिकतम संख्या है। रामसर स्थलों की संख्या (14), इसके पश्चात उत्तर प्रदेश में रामसर के 10 स्थल हैं।

**11 भारतीय आर्द्रभूमि जिन्हें नए रामसर स्थलों के रूप में नामित किया गया है:**
1. ओडिशा में ताम्पारा झील
2. ओडिशा में हीराकुंड जलाशय
3. ओडिशा में अंसुपा झील
4. मध्य प्रदेश में यशवंत सागर
5. तमिलनाडु में चित्रगुडी पक्षी अभयारण्य
6. तमिलनाडु में सुचिन्द्रम थेरूर वेटलैंड कॉम्प्लेक्स
7. तमिलनाडु में वडुवुर पक्षी अभयारण्य
8. तमिलनाडु में कांजीरकुलम पक्षी अभयारण्य
9. महाराष्ट्र में ठाणे क्रीक
10. जम्मू और कश्मीर में हाइगम वेटलैंड कंजर्वेशन रिजर्व
11. जम्मू और कश्मीर में शालबुग वेटलैंड कंजर्वेशन रिजर्व

**रामसर साइट क्या है?**
रामसर स्थल वह आर्द्रभूमि या नम भूमि हैं, जिन्हें रामसर कन्वेंशन के तहत "अंतर्राष्ट्रीय महत्व" दिया जाता है। विश्व भर में आर्द्र भूमि और जलवायु परिवर्तन के महत्व को समझते हुए यूनेस्को द्वारा 2 फरवरी 1971 में विश्व की आर्द्रभूमि के संरक्षण के लिए एक संधि पर हस्ताक्षर किए गए थे जो कि सन् 1975 में लागू हुआ था।

## IFFM Awards 2022: आईएफएफएम अवार्ड्स 2022 की घोषणा

इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (IFFM)अवॉर्ड्स 2022 के विजेताओं की घोषणा की जा चुकी है। ऑस्ट्रेलिया में हर साल आयोजित होने वाले इस अवार्ड समारोह में भारत की कुछ सबसे प्रमुख और प्रशंसित फिल्मों, टीवी शोज और वेब सीरीज की स्क्रीनिंग करके इंडियन फिल्म इंडस्ट्री का जश्न मनाता है। फ़िल्म '83' में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान कपिल देव की भूमिका में अपने करियर का बेस्ट परफॉर्मेंस देने वाले बॉलीवुड सुपरस्टार रणवीर सिंह को प्रतिष्ठित इंडियन फ़िल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (IIFM) में बेस्ट एक्टर ऑफ द ईयर का अवार्ड मिला है। इस फेस्टिवल में शेफाली शाह को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड दिया गया है।

मोहित रैना (Mohit Raina) को वेब सीरीज 'मुंबई डायरीज 26/11' (Mumbai Diaries 26/11) के लिए बेस्ट सीरीज एक्टर का अवार्ड दिया गया तो वहीं बेस्ट सीरीज एक्ट्रेस का अवार्ड साक्षी तंवर के नाम रहा जो उन्हें 'माई' के लिए मिला। कबीर खान द्वारा डायरेक्ट की गई रणवीर सिंह की फिल्म '83' को बेस्ट फिल्म अवार्ड, तो वहीं प्राइम वीडियो की वेब सीरीज 'मुंबई डायरीज 26/11' को बेस्ट सीरीज का पुरस्कार मिला। इसके साथ ही बेस्ट इंडी फिल्म का अवार्ड 'जग्गी' (Jaggi) के नाम रहा।

**मेलबर्न 2022 के इंडियन फिल्म फेस्टिवल के विजेताओं की पूरी लिस्ट देखें-**

1. **बेस्ट फिल्म:** 83
2. **बेस्ट डायरेक्टर:** शूजीत सरकार (सरदार उधम) और अपर्णा सेन (द रेपिस्ट)
3. **बेस्ट एक्टर:** रणवीर सिंह (83)
4. **बेस्ट एक्ट्रेस:** शेफाली शाह (जलसा)
5. **बेस्ट सीरीज:** मुंबई डायरीज 26/11
6. **एक सीरीज में बेस्ट एक्टर:** मोहित रैना (मुंबई डायरीज 26/11)
7. **एक सीरीज में बेस्ट एक्ट्रेस:** साक्षी तंवर (माई)
8. **बेस्ट इंडी फिल्म:** जग्गी
9. **सबकॉन्टिनेंटल की बेस्ट फिल्म:** जॉयलैंड
10. **लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड:** कपिल देव
11. **सिनेमा पुरस्कार में डिसरप्टर्स:** वाणी कपूर (चंडीगढ़ करे आशिकी)
12. **सिनेमा पुरस्कार में इक्वालिटी:** जलसा
13. **सिनेमा पुरस्कार में लीडरशिप:** अभिषेक बच्चन

## पीएम मोदी ने अगले 25 साल के लिए 'पंच प्राण' लक्ष्य की घोषणा की

पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के ऐतिहासिक मौके पर लाल किले से देश को 5 प्रण दिलाए हैं। उन्होंने कहा कि अगले 25 सालों में जब देश अपनी आजादी के 100 साल पूरे करेगा, तब तक हमें इन संकल्पों को पूरा करना है। उन्हों कहा कि मुझे लगता है कि आने वाले 25 सालों के लिए हमें अपने संकल्पों को 5 आधारों पर केंद्रित करना होगा। हमें उन पंच प्रण को लेकर 2047 में जब आजादी के 100 साल होंगे तो आजादी के दीवानों के सपनों को पूरा करना होगा।

**पंच प्रण क्या हैं?**

पहला प्रण - विकसित भारत का लक्ष्य, दूसरा प्रण - गुलामी के हर अंश से मुक्ति, तीसरा प्रण - अपनी विरासत पर गर्व करना, चौथा प्रण - एकता और एकजुटता और पांचवां प्रण - नागरिकों में कर्तव्य की भावना का होना।

आने वाले 25 साल के लिए हमें उन पंच प्राण पर अपनी शक्ति को केंद्रित करना होगा। 2047 जब आजादी के 100 साल होंगे, आजादी के दिवानों के सारे सपने पूरे करने का जिम्मा उठाकर चलना होगा। पीएम ने कहा कि हम जीव में भी शिव देखते हैं, हम वो लोग हैं जो नर में नारायण देखते हैं, हम वो लोग हैं जो नारी को नारायणी कहते हैं, हम वो लोग हैं जो पौधे में परमात्मा देखते हैं। ये हमारा सामर्थ्य है, जब विश्व के सामने खुद गर्व करेंगे तो दुनिया करेगी।

## National Affairs

- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विभाजन के दर्द को याद करते हुए 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' (Partition Horrors Remembrance Day) मनाया। इस दौरान बीजेपी ने देश भर में मौन मार्च का आयोजन किया। दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा (JP Nadda) के साथ केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पीयूष गोयल और अन्य बीजेपी नेताओं ने 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के अवसर पर मौन मार्च में भाग लिया। **(**Click here to read complete article**)**
- दुनिया के सबसे ऊंचे पुल यानी चिनाब ब्रिज (Chenab Bridge) के गोल्डन ज्वाइंट का उद्घाटन 13 अगस्त 2022 को हो गया। इस ब्रिज का काम अब पूरा होने की कगार पर है। बताया जा रहा है कि पुल के संरचनात्मक विवरण के लिए 'टेकला' सॉफ्टवेयर का उपयोग किया गया है। बता दें कि दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्क ब्रिज का निर्माण जम्मू-कश्मीर में किया जा रहा है। वहीं 13 अगस्त को चिनाब पुल के गोल्डन ज्वाइंट (Golden Joint) का भी उद्घाटन हो गया है। (Click here to read complete article)
- पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में रविवार को ग्यारह अधिवक्ताओं को न्यायाधीश के पद पर पदोन्नत किया गया और इसके साथ ही इस साल विभिन्न उच्च न्यायालयों में कुल 138 न्यायाधीश नियुक्त किये गये हैं। यह जानकारी कानून मंत्रालय ने दी। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में नियुक्त न्यायाधीशों के नाम इस प्रकार हैं- निधि गुप्ता, संजय वशिष्ठ, त्रिभुवन दहिया, नमित कुमार, हरकेश मनुजा, अमन चौधरी, नरेश सिंह, हर्ष बांगर, जगमोहन बंसल, दीपक मनचंदा और आलोक जैन। **(Click here to read complete article)**
- भारत सरकार ने देश में प्रौद्योगिकी आधारित सामाजिक प्रभाव नवाचारों और समाधानों को लागू करने के लिए उद्योग और अनुसंधान संस्थानों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए "मंथन" मंच का अनावरण किया। देश के भीतर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के सभी क्षेत्रों को सक्षम और सशक्त बनाने के विज़न के दायित्व का वहन करने वाले भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) के कार्यालय ने मंथन मंच के शुभारंभ की घोषणा की है। (Click here to read complete article)

- भारत में पेट्रोल और डीजल जैसे पेट्रोलियम उत्पादों की मांग 2022 में 7.73 प्रतिशत बढ़ सकती है। यह दुनिया के किसी भी देश की तुलना में सबसे तेजी से बढ़ेगी। तेल निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) ने अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा कि भारत में पेट्रोलियम उत्पादों की दैनिक मांग 2021 में 47.7 लाख बैरल थी। इसके 2022 में बढ़कर 51.4 लाख बैरल प्रतिदिन होने का अनुमान है। (Click here to read complete article)
- केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) द्वारा आयोजित 'यमुना पर आजादी का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम की अध्यक्षता की। आजादी का अमृत महोत्सव भारत सरकार की आजादी के 75 साल और उसके लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को मनाने की एक पहल है। (Click here to read complete article)
- देश में मादक पदार्थ रोधी कानूनों को लागू करने का जिम्मा संभालने वाली विभिन्न केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के लिए अपनी तरह का पहला पोर्टल शुरू किया गया है। इस पोर्टल के जरिए कोई भी एजेंसी देश के किसी भी हिस्से से मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े किसी भी अपराधी का इतिहास, अपराधी की निजी जानकारी, उंगलियों के निशान और अदालती मुकदमों का विवरण हासिल कर सकती है। (Click here to read complete article)

## States in the News

- अरुणाचल प्रदेश में तीसरा हवाई अड्डा, जो अब राज्य की राजधानी ईटानगर में निर्माणाधीन है, को अरुणाचल प्रदेश प्रशासन द्वारा "डोनी पोलो हवाई अड्डा" नाम दिया गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक प्रतिनिधि के अनुसार, राज्य मंत्रिमंडल ने अपनी बैठक में हवाई अड्डे के नाम के रूप में "डोनी पोलो हवाई अड्डे" को अपनाया। बैठक की अध्यक्षता अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने की। (Click here to read complete article)
- भारत सरकार अगले साल 15 से 17 फरवरी तक कोलकाता में 23वें इंडिया इंटरनेशनल सीफूड शो ( India International Seafood Show 2023) का आयोजन करने वाला है। इंडिया इंटरनेशनल सीफूड शो (India International Seafood Show) दरअसल भारत से समुद्री जीवों का निर्यात बढ़ाने का एक मंच होता है। (Click here to read complete article)
- देश में अब ड्रोन से दवाओं की डिलीवरी होगी। अरुणाचल प्रदेश में इसका सफल प्रक्षेपण किया गया। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने इसकी जानकारी दी। बताया कि भारत को ड्रोन हब बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के मार्गदर्शन में राज्य में ड्रोन सर्विस शुरू की गई। अरुणाचल प्रदेश सरकार भी हेल्थ, कृषि, आपदा प्रबंधन में ड्रोन का इस्तेमाल करने की पायलट परियोजना का संचालन करेगी। (Click here to read complete article)
- केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मुंबई में पहली इलेक्ट्रिक डबल डेकर एयर कंडीशनर बस को हरी झंडी दिखाई है। स्विच मोबिलिटी द्वारा बनाई गई इलेक्ट्रिक बस में बैठने वाले यात्रियों की संख्या से दोगुनी होगी। यह पुराने जमाने में चलने वाले डबल डेकर बस के डिजाइन में बनाई गई है और इसमें नई सेफ्टी स्टैंडर्ड मिलते हैं। (Click here to read complete article)
- गोवा शत-प्रतिशत हर घर जल प्रमाणन प्राप्त करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। सरकार के मुताबिक, गोवा में हर घर में नल के जरिए साफ पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। राज्य सरकार ने सभी 378 गांवों को 'हर घर जल' घोषित कर दिया है। गोवा के सभी 2,63,013 ग्रामीण घरों में नल का पानी उपलब्ध कराया गया है। (Click here to read complete article)
- महाराष्ट्र में दही हांडी को साहसिक खेल का दर्जा मिलेगा। यही नहीं इस खेल में भाग लेने वाले गोविंदाओं को सरकारी नौकरियां भी दी जाएंगी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विधानसभा में घोषणा किया कि लोकप्रिय खेल दही हांडी उत्सव को सरकार ने साहसिक खेल का दर्जा देने का फैसला किया है। (Click here to read complete article)

## International Affairs

- केन्या में चुनाव आयोग के अध्यक्ष ने हंगामे के बीच उपराष्ट्रपति विलियम रुटो को पांच बार के दावेदार रैला ओडिंगा पर विजेता घोषित कर दिया। अध्यक्ष ने बताया कि रुटो को 71 लाख यानी कुल 50.49 प्रतिशत मत मिले, जबकि ओडिंगा को पिछले मंगलवार को हुए शांतिपूर्ण चुनाव में 69 लाख यानी 48.85 प्रतिशत मत प्राप्त हुए। **(Click here to read complete article)**
- ब्रिटिश स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि ब्रिटेन एक द्विसंयोजक मॉडर्ना कोविड बूस्टर टीकाकरण को मंजूरी देने वाला पहला देश बन गया है। इसके साथ ही ब्रिटेन पहला ऐसा देश बन गया है जिसने इस प्रकार के टीके को मंजूरी दी है। ब्रिटेन के मेडिसिन एंड हेल्थकेयर प्रोडक्ट्स रेगुलेटरी एजेंसी (एमएचआरए) ने कहा कि उसने कोरोना वायरस के खिलाफ मॉडर्ना टीका को मंजूरी दी क्योंकि इसे सुरक्षा, गुणवत्ता और प्रभावशीलता के मानकों पर खरा पाया गया। (Click here to read complete article)
- संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी सचिव अल्केश कुमार शर्मा को इंटरनेट गवर्नेंस पर प्रख्यात विशेषज्ञों के एक पैनल में नियुक्त किया। गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि इंटरनेट के अग्रणी विंट सेर्फ और नोबेल पुरस्कार विजेता पत्रकार मारिया रीसा को भी 10-सदस्यीय इंटरनेट गवर्नेंस फोरम (आईजीएफ) लीडरशिप पैनल में नियुक्त किया गया है। **(Click here to read complete article)**



- स्कॉटलैंड में माहवारी उत्पाद नि:शुल्क उपलब्ध कराए जाने संबंधी कानून लागू हो गया है। स्कॉटलैंड सरकार ने बताया कि वह 'पीरियड प्रोडक्ट एक्ट' (माहवारी उत्पाद कानून) लागू होते ही दुनिया की पहली ऐसी सरकार बन गई है, जो मासिक धर्म संबंधी उत्पादों तक नि:शुल्क पहुंच के अधिकार की कानूनी रूप से रक्षा करती है। (Click here to read complete article)

## Agreements/MoUs Signed

- डिजिटल भुगतान मंच पेटीएम ने ऑनलाइन भुगतान सुविधा और ऋण सेवा 'पेटीएम पोस्टपेड' के लिए पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) उपकरण लगाने के लिए सैमसंग स्टोर के साथ भागीदारी की है। इस साझेदारी के तहत, देशभर में सैमसंग के किसी भी स्टोर से लैपटॉप, स्मार्टफोन, टेलीविजन जैसे उपकरण खरीदने के लिए ग्राहक पेटीएम के अलग-अलग विकल्पों के जरिये भुगतान कर सकते हैं। (Click here to read complete article)
- येस बैंक ने विक्रेता-केंद्रित इंटेलीजेंस प्लेटफॉर्म सेलर ऐप के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की। यह साझेदारी अपने ग्राहक आधार के सेलर सेगमेंट को ओपन नेटवर्क डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) की सुविधा प्रदान करने और उन्हें अपने डिजिटल कॉमर्स फुटप्रिंट को बढ़ाने में मदद करने के लिहाज से की गई है। (Click here to read complete article)

## Banking/Economy/Business News

- भारतीय स्टेट बैंक (SBI) ने "उत्सव जमा योजना" नामक एक अनूठा सावधि जमा कार्यक्रम शुरू किया है। इस सावधि जमा योजना में उच्च ब्याज दरें हैं और यह केवल सीमित समय के लिए उपलब्ध है। यह कार्यक्रम देश की आजादी के 76 वें वर्ष के अवसर पर पेश किया गया है, जिसे आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। (Click here to read complete article)
- कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड ने बुधवार को एक लाइफस्टाइल-केंद्रित कॉर्पोरेट वेतन खाता, कोटक क्रीम लॉन्च करने की घोषणा की, जो प्रतिष्ठित कॉरपोरेट्स के साथ काम करने वाले नए जमाने के पेशेवरों को एक उन्नत बैंकिंग अनुभव प्रदान करता है। कोटक बैंक के प्रमुख प्रीमियम बैंकिंग कार्यक्रम, प्रिवी लीग के डिजाइन के मूल में, कोटक क्रेम अकाउंट जीवन शैली, यात्रा, स्वास्थ्य देखभाल, भोजन, कौशल और सीखने के अनुभवों में कई विशेषाधिकारों और पुरस्कारों के साथ आएगा। **(Click here to read complete article)**
- भारत 2028-29 तक पांच ट्रिलियन (पांच हजार अरब) डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है, बशर्ते अगले पांच वर्षों में जीडीपी लगातार नौ प्रतिशत की दर से बढ़े। रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने यह विचार व्यक्त किये। भारतीय स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 'फेडरेशन ऑफ तेलंगाना चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑन इंडिया एट द रेट आफ 75- मार्चिंग 5 ट्रिलियन इकोनॉमी' विषय पर उन्होंने कहा कि भारत के लिए 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के सपने को हासिल करने के लिए आठ प्रमुख चुनौतियां हैं। (Click here to read complete article)
- पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि देश में अगले साल अप्रैल से चुनिंदा पेट्रोल पंपों पर 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण के साथ पेट्रोल की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। आयात पर निर्भरता कम करने और पर्यावरण मुद्दों के समाधान के लिये इसकी आपूर्ति आगे बढ़ायी जाएगी। उन्होंने कहा कि साल 2025 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल होगा। (Click here to read complete article)
- मैंगलुरु स्थित कर्नाटक बैंक ने आजादी के 75 साल पूरे होने के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में एक नई सावधि जमा योजना शुरू की है। नई योजना को एसीसी और सावधि जमा श्रेणी के तहत केबीएल अमृत समृद्धि कहा जाएगा। बैंक 75 सप्ताह (525 दिन) के कार्यकाल के साथ जमा योजना पर 6.10 प्रतिशत प्रति वर्ष की ब्याज दर की पेशकश कर रहा है। (Click here to read complete article)
- केंद्र सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक के बोर्ड में चार स्वतंत्र निदेशकों को पुन: नियुक्त किया है। इनमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचारक एस गुरुमूर्ति और सहकारिता आंदोलन के दिग्गज सतीश के मराठे शामिल हैं। यह जानकारी केंद्रीय बैंक ने बयान में दी। (Click here to read complete article)
- खाद्य वस्तुओं और विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में नरमी से थोक कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति जुलाई में घटकर 13.93 प्रतिशत पर आ गई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति इससे पिछले महीने 15.18 फीसदी और मई में 15.88 फीसदी की रिकॉर्ड ऊंचाई पर थी। यह पिछले साल जुलाई में 11.57 फीसदी थी। (Click here to read complete article)
- भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने स्टार्टअप के लिए खास तौर पर समर्पित अपनी पहली शाखा बेंगलुरु में खोली है। एसबीआई के अनुसार, बेंगलुरु के कोरमंगला में स्थित यह शाखा शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होने तक स्टार्टअप कंपनियों की स्थापना के शुरुआती चरण में उद्यमियों को वित्तीय समर्थन देगी। (Click here to read complete article)
- नेशनल पेंशन सिस्टम (NPS) और अटल पेंशन योजना (APY) के खाताधारकों के लिए राहत की खबर है। दरअसल, पेंशन फंड रेगुलेटर पीएफआरडीए (PFRDA) की दो पेंशन योजनाओं के अंशधारक अब यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस यानी यूपीआई (UPI) के जरिए भी अपना अंशदान कर पाएंगे। अभी तक नेशनल पेंशन सिस्टम (NPS) और अटल पेंशन योजना (APY) के खाताधारक अपने स्वैच्छिक अंशदान को आईएमपीएस/ एनईएफटी/ आरटीजीएस का इस्तेमाल कर नेटबैंकिंग खाते के जरिए सीधे भेज सकते थे, लेकिन अब इसका दायरा बढ़ा दिया गया है। (Click here to read complete article)
- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) की सीमा में 50,000 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी करके उसे 4.5 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर पांच लाख करोड़ करने को मंजूरी दे दी है। यह अतिरिक्त राशि विशेष रूप से आतिथ्य (हास्पिटैलिटी) और उससे संबंधित क्षेत्रों के उद्यमों के लिए निर्धारित की गई है। (Click here to read complete article)

- बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने बीमा परिवेश के विभिन्न क्षेत्रों के लिए प्रौद्योगिकी से लैस नवोन्मेषी समाधान विकसित करने के लिए कंपनियों को आमंत्रित किया है। इरडा ने ये आवेदन पहले हैकाथन 'बीमा मंथन 2022' के लिए आमंत्रित किए हैं जिसकी थीम 'बीमा में नवोन्मेष' है। (Click here to read complete article)
- एचडीएफसी बैंक (HDFC Bank) ने लोगों में सुरक्षित बैंकिंग की आदतों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक अभियान शुरू करने की घोषणा की है। इस अभियान का नाम होगा 'विजिल आंटी' (Vigil Aunty). बैंक ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि टेलीविजन पर 'लोला कुट्टी' (Lola Kutty) का लोकप्रिय किरदार निभाने वाली अनुराधा मेनन 'विजिल आंटी' अभियान का चेहरा होंगी। (Click here to read complete article)
- एक्सिस बैंक ने "अल्टिमा सैलरी पैकेज" के लिए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के साथ एक समझौता-पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। अल्टिमा सैलरी पैकेज, सर्वोत्तम कोटि का सैलरी अकाउंट है और इस समझौते से, भारतीय खाद्य निगम के सभी कर्मचारियों को विशेष लाभ और सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी। इस करार के साथ, बैंक ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के कर्मचारियों को समग्र बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। (Click here to read complete article)
- एडलवाइस म्यूचुअल फंड 24 अगस्त को भारत की पहली स्कीम लॉन्च करने वाली है, जो सिंगल फंड के जरिए सोने और चांदी में निवेश की पेशकश करेगी। एडलवाइस गोल्ड एंड सिल्वर ईटीएफ फंड ऑफ फंड (FoF) के लिए नया फंड ऑफर (NFO) 7 सितंबर को बंद होगा। स्कीम के लिए फंड के मैनेजर भावेश जैन और भरत लाहोटी हैं। भारत का पहला गोल्ड फंड, निप्पॉन इंडिया ईटीएफ गोल्ड BEES, मार्च 2007 में लॉन्च किया गया था, जबकि सिल्वर का म्यूचुअल फंड पहली बार इस साल जनवरी में पेश किया गया। (Click here to read complete article)
- रतन टाटा ने वरिष्ठ नागरिकों को सेवा के रूप में सहयोग प्रदान करने वाले स्टार्टअप गुडफेलोज में निवेश की घोषणा की। टाटा समूह से सेवानिवृत्त होने के बाद से रतन टाटा स्टार्टअप के सक्रिय समर्थक रहे हैं। इसका उद्देश्य युवाओं और शिक्षित स्नातकों को सार्थक सहयोग के लिए जोड़कर बुजुर्गों की मदद करना है। पिछले छह महीनों में, 'गुडफेलो' ने एक सफल बीटा पूरा कर लिया है और अब यह मुंबई और जल्द ही पुणे, चेन्नई और बेंगलुरु में उपलब्ध होगा।. (Click here to read complete article)
- एचडीएफसी ने उत्तरी केरल क्षेत्र में कोझीकोड में अपनी पहली महिला शाखा खोली है। जिले में व्यापारियों के गढ़ चेरूट्टी रोड स्थित इस शाखा में 4 महिला बैंकर होंगी। यहां एक बयान में कहा गया है कि यह बैंक द्वारा दक्षिण भारत में खोली गई सभी महिला शाखाओं को जोड़ता है और विविधता और समावेश के बैंक के निहित मूल्यों को आगे बढ़ाता है। (Click here to read complete article)

## Appointments/Resignations

- केंद्र सरकार ने नगालैंड कैडर के 1994 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी पीयूष गोयल को नेटग्रिड का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया। केंद्र सरकार ने इसके साथ ही 26 अन्य अधिकारियों को अतिरिक्त सचिव के रैंक में तैनात करने का आदेश जारी किया। (Click here to read complete article)
- ग्रेनेडा के पूर्व जलवायु लचीलापन मंत्री साइमन स्टील संयुक्त राष्ट्र के नए जलवायु प्रमुख बनेंगे, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने हाल ही में इसकी घोषणा की। नियुक्ति को संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज (यूएनएफसीसीसी) के ब्यूरो द्वारा अनुमोदित किया गया है। **(Click here to read complete article)**
- केंद्र और नेशनल बैंक फॉर फाइनेंसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट (एनएबीएफआईडी) के बोर्ड ने अगले पांच वर्षों के लिए राजकिरण राय को अपना प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त किया है। NaBFID के बोर्ड ने 30 जुलाई को RBI, केंद्र और विकास वित्त संस्थानों (DFI) के नामांकन और पारिश्रमिक समिति द्वारा मंजूरी के आधार पर राय की नियुक्ति को मंजूरी दी। (Click here to read complete article)
- वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) ने राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के चेयरमैन पद के लिए मोहम्मद मुस्तफा के नाम की सिफारिश की है। एफएसआईबी ने बयान में कहा कि 16 और 17 अगस्त, 2022 को 15 उम्मीदवारों के साथ बातचीत के बाद ब्यूरो ने मोहम्मद मुस्तफा की नाबार्ड के चेयरमैन पद के लिए सिफारिश की है। (Click here to read complete article)
- बजाज इलेक्ट्रिकल्स ने अपने कार्यकारी निदेशक अनुज पोद्दार को प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के पद पर नियुक्त करने की घोषणा की। बजाज इलेक्ट्रिकल्स ने एक बयान में इस नियुक्ति की जानकारी दी। उसने कहा कि कंपनी ने चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक के पद को अलग-अलग कर दिया है। उसके संरक्षक शेखर बजाज कंपनी के कार्यकारी चेयरमैन पद पर बने रहेंगे। (Click here to read complete article)



## Defence News

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राजस्थान के जोधपुर में उनकी 385वीं जयंती पर "वीर दुर्गादास राठौड़" की प्रतिमा का अनावरण किया। रक्षा मंत्री ने इस अवसर पर वीर दुर्गादास राठौड़ को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें सामाजिक सद्भाव, ईमानदारी, बहादुरी और भक्ति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि जाति या धर्म के बावजूद लोगों को वीर दुर्गादास राठौड़ से प्रेरणा लेनी चाहिए, जिन्होंने समाज में विभाजनकारी तत्वों के खिलाफ शांति और सद्भाव के लिए प्रयास किया। (Click here to read complete article)
- बॉर्डर पर बढ़ती चुनौतियों के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना को नई एंटी पर्सोनेल माइन 'निपुण' और एफ-इंसास (F-INSAS) सिस्टम सौंपा। 'निपुण' का निर्माण भारतीय फर्मों द्वारा स्वदेशी रूप से किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना को और मजबूत करने के लिए मंगलवार को कई स्वदेशी हथियार सौंपे। कार्यक्रम के दौरान सेना के एफ-इंसास जवान ने राजनाथ सिंह को उनकी नई हथियार प्रणालियों और एके-203 असॉल्ट राइफल सहित अन्य सहायता के बारे में जानकारी दी। (Click here to read complete article)
- भारत ने श्रीलंका को एक डोर्नियर समुद्री टोही विमान उपहार में दिया जो द्वीप राष्ट्र को अपने जलक्षेत्र में मानव और मादक पदार्थों की तस्करी तथा अन्य संगठित अपराधों जैसी कई चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाएगा। समारोह में श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे भी मौजूद थे। समारोह ऐसे समय में हुआ जब भारत अपना 76वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है और एक दिन बाद चीन का उच्च प्रौद्योगिकी वाला मिसाइल एवं उपग्रह निगरानी पोत श्रीलंका के हम्बनटोटा बंदरगाह पर लंगर डालेगा। **(Click here to read complete article)**
- चीन ने कहा कि उसके सैनिक रूस में इस महीने के अंत होने वाले 'वोस्तोक 2022' सैन्य अभ्यास में हिस्सा लेंगे। इस सैन्य अभ्यास में भारतीय सेना भी शिरकत कर रही है। चीन के रक्षा मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि चीनी और रूसी सेनाओं के बीच वार्षिक सहयोग योजना और दोनों पक्षों के बीच बनी सहमति के अनुसार, 'चाइनीज़ पीपुल्स लिबरेशन आर्मी' (पीएलए) निकट भविष्य में होने वाले सैन्य अभ्यास में भाग लेने के लिए कुछ सैनिकों को रूस भेजेगी। उसमें कहा गया है कि भारत, बेलारूस, ताजिकिस्तान, मंगोलिया और अन्य देश भी अभ्यास में हिस्सा लेंगे। (Click here to read complete article)
- भारत अपनी सामरिक शक्ति बढ़ाने के लिए रूस से टीयू-160 बॉम्बर को खरीदने की योजना बना रहा है। यह बॉम्बर इतना खतरनाक है कि इसकी पहली उड़ान से ही अमेरिका परेशान हो गया था। टुपोलेव टीयू-160 की टॉप स्पीड 2220 किलोमीटर प्रति घंटा है। यह विमान 110000 किलोग्राम के कुल वजन के साथ उड़ान भरने में सक्षम है। इसके पंखों का फैलाव 56 मीटर है। टीयू-160 की पहली उड़ान 16 दिसंबर 1981 में आयोजित की गई थी। (Click here to read complete article)
- भारत सरकार की हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने कुआलालंपुर (मलेशिया) में एक कार्यालय स्थापित करने के लिए समझौता किया है। बेंगलुरु स्थित कंपनी ने एक बयान में कहा कि मलेशिया में कार्यालय खोलने से एचएएल को फाइटर लीड-इन ट्रेनर (एफएलआईटी) एलसीए और सु-30 एमकेएम जैसी रॉयल मलेशियाई वायु सेना (आरएमएएफ) की अन्य आवश्यकताओं के लिए नए व्यावसायिक अवसरों का दोहन करने में मदद मिलेगी। (Click here to read complete article)

## Awards and Recognitions

- भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सशस्त्र बलों और केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPF) के लिए 107 वीरता पुरस्कारों को मंजूरी दी है। भारत में राष्ट्रपति सशस्त्र बलों का सुप्रीम कमांडर होता है। राष्ट्रपति द्वारा मंजूर किए गए वीरता पुरस्कारों में 3 कीर्ति चक्र, 13 शौर्य चक्र, 2 बार टू सेना मेडल (वीरता पुरस्कार), 81 सेना मेडल (वीरता पुरस्कार), 1 नौसेना मेडल (वीरता पुरस्कार) और 7 वायुसेना मेडल (वीरता पुरस्कार) शामिल हैं। **(Click here to read complete article)**
- भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रतिष्ठित सदस्य रहे और ब्रिटेन के पहले भारतीय सांसद दादाभाई नौरोजी दक्षिण लंदन के जिस घर में लगभग आठ वर्षों तक रहे, उसे 'ब्लू प्लैक' यानी नीली पट्टिका से सम्मानित किया गया है। 'इंग्लिश हैरिटेज' चैरिटी की योजना 'ब्लू प्लैक' लंदन की ऐतिहासिक महत्व की इमारतों को दिया जाने वाला एक सम्मान है। (Click here to read complete article)
- स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और राज्य पुलिस के 1,082 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया है। उन्हें, वीरता समेत सेवा पदक की विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया है। सरकारी बयान के मुताबिक, वीरता के लिए 347 पुलिस पदक, विशिष्ट सेवा के लिए 87 राष्ट्रपति पुलिस पदक और सराहनीय सेवा के लिए 648 पुलिस पदक प्रदान किए गए हैं। **(Click here to read complete article).**

## Ranks and Reports

- एयरलाइन, विस्तारा ने जुलाई 2022 के महीने के लिए DGCA द्वारा हाल ही में जारी भारत के हवाई यातायात डेटा के अनुसार एक बड़ा मील का पत्थर हासिल किया है। DGCA के आंकड़ों के अनुसार, विस्तारा भारत में दूसरी सबसे बड़ी घरेलू एयरलाइन बन गई है। बाजार हिस्सेदारी के मामले में, स्पाइसजेट, गोएयर, एयर इंडिया सहित पुराने, अधिक स्थापित कम लागत वाले एयर कैरियर को पीछे छोड़ते हुए। **(Click here to read complete article)**

## Sports News

- फीफा ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को निलंबित कर दिया। फीफा का आरोप है कि AIFF तीसरे पक्ष के अनुचित प्रभाव में काम कर रहा है जो कि फीफा क़ानून का गंभीर उल्लंघन है। फीफा ने एक बयान में कहा कि एआईएफएफ कार्यकारी समिति के लिए प्रशासकों की एक समिति गठित करने के बाद निलंबन हटा लिया जाएगा। (Click here to read complete article)
- सुल्तान अजलन शाह कप अंतरराष्ट्रीय पुरुष हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन दो साल बाद 16 से 25 नवंबर के बीच मलेशिया के इपोह में किया जाएगा। कोविड-19 महामारी के कारण इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का पिछले दो वर्षों से आयोजन नहीं किया जा सका था। इसका आयोजन आखरी बार साल 2019 में हुआ था जब दक्षिण कोरिया ने फाइनल में भारत को हराकर खिताब जीता था। (Click here to read complete article)
- एशिया के सबसे पुराने क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप का आगाज हो चुका है। डूरंड कप का 131वां सीजन 16 अगस्त से 18 सितंबर के बीच कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम और किशोर भारती स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके अतिरिक्त कुछ मैच इंफाल के खुमान लम्पक स्टेडियम और गुवाहाटी के इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में भी खेले जाएंगे। इस सीजन में टीमों की संख्या को बढ़ाया गया है। पहले इस टूर्नामेंट में 16 टीमें हिस्सा लेती थी। **(Click here to read complete article)**
- आयरलैंड के हरफनमौला खिलाड़ी केविन ओ ब्रायन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। साल 2006 में आयरलैंड के लिए डेब्यू करते हुए ओ ब्रायन लगभग दो दशकों तक अपने करियर में एक महत्वपूर्ण सदस्य के रूप में आयरलैंड को एसोसिएट सदस्य से टेस्ट दर्जे की स्थिति तक पहुंचाने वाले अहम खिलाड़ी साबित हुए। ओ ब्रायन कई बल्लेबाजी रिकॉर्ड के साथ वनडे प्रारूप में आयरलैंड के अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। उन्होंने 32.68 की औसत और 5.20 की इकॉनमी दर से 114 विकेट हासिल किए। (Click here to read complete article)

## Schemes and Committess News

- दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के मामलों को संभालने के लिए प्रशासकों की तीन सदस्यीय समिति (सीओए) के गठन का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति मनमोहन और न्यायमूर्ति नजमी वजीरी की पीठ ने कहा कि खेल संहिता का पालन करने के लिए आईओए की 'लगातार अनिच्छा' ने अदालत को मजबूर कर दिया कि इसके मामलों की देखरेख की जिम्मेदारी सीओए को सौंपी जाये। (Click here to read complete article)
- केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने भारत की पहली खारे पानी से रोशन होने वाली लालटेन का अनावरण किया। इस लालटेन का नाम रोशनी रखा गया है। इसकी खास बात यह है कि इस लालटेन में एलईडी बल्ब को जलाने के लिए समुद्र के पानी का इस्तेमाल किया जाता है, जो खासतौर से तैयार किए गए इलेक्ट्रोड के बीच इलेक्ट्रोलाइट के तौर पर काम करता है। (Click here to read complete article)

- नासा का नया चंद्र रॉकेट दो सप्ताह से भी कम समय के भीतर अपनी पहली उड़ान से पहले प्रक्षेपण पैड पर पहुंच गया। यह 322 फुट (98 मीटर) लंबा रॉकेट मंगलवार देर रात अपने विशाल हैंगर से निकला और इस दौरान बड़ी संख्या में कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र के कर्मचारी भी थे। रॉकेट को चार मील दूर पैड तक पहुंचने में लगभग 10 घंटे का समय लगा। (Click here to read complete article)

## Science and Technology News

- भारत में पहली बार, हैदराबाद शहर के शोधकर्ताओं ने एक कृत्रिम कॉर्निया को सफलतापूर्वक 3डी प्रिंट किया है और इसे खरगोश की आंख में प्रत्यारोपित किया है। जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि एल वी प्रसाद आई इंस्टीट्यूट (एलवीपीईआई), इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी-हैदराबाद (आईआईटीएच), और सेंटर फॉर सेल्युलर एंड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी (सीसीएमबी) के शोधकर्ताओं ने मानव दाता कॉर्नियल ऊतक से एक 3 डी-मुद्रित कॉर्निया विकसित करने के लिए सहयोग किया है। (Click here to read complete article)
- स्वतंत्रता दिवस के 75 साल पूरे होने के जश्न को देश में ही नहीं अंतरिक्ष में भी सेलिब्रेट किया गया। भारत का राष्ट्रीय झंडा तिरंगा अंतरिक्ष में भी लहराया गया। आजादी के 75 साल पूरे करने के मौके पर राष्ट्रीय ध्वज को पृथ्वी से 30 किलोमीटर की ऊंचाई पर फहराया गया। स्पेस किड्ज इंडिया ने एक गुब्बारे के जरिए तिरंगे को अंतरिक्ष में भेजा। ये संगठन देश के लिए युवा वैज्ञानिकों को बनाने वाला एयरोस्पेस संगठन है। (Click here to read complete article)
- हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) को क्रू मॉड्यूल फेयरिंग (CMF) और हाई-एल्टीट्यूड एस्केप मोटर थ्रस्ट-ट्रांसफर स्ट्रक्चर (HTS) सौंप दिया है। गगनयान मिशन के दो बड़े घटकों को विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र को सौंप दिया गया। इसरो ने एक ट्वीट में कहा कि एचएएल के सीईओ मिहिर कांति मिश्रा ने बेंगलुरु में वीएसएससी के निदेशक डॉ उन्नीकृष्णन नायर को महत्वाकांक्षी मिशन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने वाले घटकों को सौंपा। (Click here to read complete article)



## Important Days News

- पारसी नववर्ष यानी नवरोज (Navroz) का पर्व इस साल आज मनाया जा रहा है। फ़ारसी में 'नव' और 'रोज़' शब्द का मतलब होता है कि 'नया' और 'दिन'। नवरोज को जमशेदी नवरोज, नौरोज, पतेती नाम से भी जानते हैं। हिंदी कैलेंडर के अनुसार, दुनियाभर में नया साल 1 जनवरी को मनाया जाता है। वहीं हिंदू धर्म में नया साल चैत्र मास में मनाया जाता है। उसी तरह पारसी कैलेंडर के अनुसार, नवरोज आज के दिन मनाया जाता है। (Click here to read complete article)
- प्रत्येक वर्ष 19 अगस्त को विश्व फोटोग्राफी दिवस (World Photography Day) मनाया जाता है। विश्व फोटोग्राफी दिवस फोटोग्राफी की कला, शिल्प, विज्ञान और इतिहास का एक वार्षिक, विश्वव्यापी उत्सव है.यह सबसे महत्वपूर्ण कला के रूपों में से एक है। फोटोग्राफी किसी की भावनाओं और व्यक्तिगत अभिव्यक्ति को व्यक्त करने का एक साधन है। (Click here to read complete article)
- हर साल 19 अगस्त का दिन विश्व मानवतावादी दिवस के रूप में दुनियाभर में मनाया जाता है। यह दिन उन लोगों को अर्पित किया जाता है, जो असल जिंदगी के नायक है। जो बिना अपने लाइफ की परवाह किए लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। (Click here to read complete article)
- हर साल 20 अगस्त को सद्भावना दिवस रूप में मनाया जाता है। यह दिन पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी (former Prime Minister Rajiv Gandhi) को श्रद्धांजलि देने और सद्भावना के भाव का विस्तार करने के लिए मनाया जाता है। इस साल 20 अगस्त 2022 को हम पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 78वीं जयंती मना रहे हैं। (Click here to read complete article)
- अक्षय ऊर्जा दिवस प्रत्येक वर्ष 20 अगस्त को भारत में अक्षय ऊर्जा को अपनाने से संबंधित विकास के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। यह दिन दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती भी है। जैसे-जैसे पृथ्वी के संसाधन हर दिन खतरनाक दर से समाप्त होते जा रहे हैं, अक्षय ऊर्जा दिवस मनाया जाना महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि इसका उद्देश्य लोगों को जल विद्युत, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और बायोगैस जैसे प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग के बारे में जागरूक करना है। (Click here to read complete article)
- हर साल 20 अगस्त को मच्छरों से बचने के लिए विश्व मच्छर दिवस मनाया जाता है। इस दिन लोगों के बीच जागरूकता (Awareness) फैलाने के लिए कई कार्यक्रम (Program) भी आयोजित किए जाते है। मच्छर दिवस उनसे होने वाली बीमारियों के बारे में बताने के लिए मनाया जाता है। मच्छर कई तरह की बीमारियों के वाहक होते हैं। (Click here to read complete article)

## Obituaries

- शेयर बाजार के दिग्गज निवेशक राकेश झुनझुनवाला का निधन हो गया है। झुनझुनवाला 62 साल के थे। झुनझुनवाला के परिवार में उनकी पत्नी रेखा झुनझुनवाला, बेटी निश्था व दो बेटे आर्यमन और आर्यवीर हैं। झुनझुनवाला के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शोक व्यक्त किया है। उनकी 'नेटवर्थ' 5.8 अरब डॉलर (46,000 करोड़ रुपये) थी। (Click here to read complete article)
- फॉक्स न्यूज की संस्थापक एंकर उमा पेम्माराजू का निधन हो गया है। वह 64 वर्ष की थीं। उमा पेम्माराजू उन चंद एंकर्स में शुमार थीं जिनके साथ 1996 में चैनल ने अपना नेटवर्क शुरू किया था। नेशनल टेलीविजन पर न्यूज शो करने वाली वह पहली भारतीय-अमेरिकी एंकर थीं। वह द फॉक्स रिपोर्ट, फॉक्स न्यूज लाइव, फॉक्स न्यूज नाउ और फॉक्स ऑन ट्रेंड्स जैसे विभिन्न शो का हिस्सा थीं। रिपोर्टिंग और पत्रकारिता के लिए उन्हें अपने करियर में कई एमी पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। (Click here to read complete article)
- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व कार्यवाहक सचिव, झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) के पूर्व अध्यक्ष और झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) का अध्यक्ष रह चुके अमिताभ चौधरी का निधन हो गया है। चौधरी ऐसे शख्स थे जिन्होंने आईपीएल और क्रिकेट प्रशासक रहते हुए मुश्किल हालातों से निपटने में महारत हासिल की चौधरी बीसीसीआई के कार्यवाहक सचिव थे, जब सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त प्रशासकों की समिति ने 2017 की शुरूआत से अक्टूबर 2019 तक बोर्ड के कामकाज की देखरेख की. (Click here to read complete article)

## Miscellaneous News

- भारतीय रेलवे सुरक्षा बल (RPF) ने एक अखिल भारतीय अभियान शुरू किया है जिसे ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के नाम से जाना जाता है। इस पहल के तहत यात्रियों को चौबीसों घंटे सुरक्षा प्रदान करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। ऑपरेशन यात्री सुरक्षा को गति देने के लिए आरपीएफ द्वारा जुलाई 2022 में यात्रियों को निशाना बनाने वाले अपराधियों के खिलाफ एक महीने के अखिल भारतीय अभियान का शुभारंभ किया गया था। अभियान के दौरान 365 संदिग्धों को आरपीएफ कर्मियों द्वारा पकड़ा गया और कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित जीआरपी को सौंप दिया गया, जिसके आधार पर यात्री अपराध यानी यात्री सामान की चोरी, ड्रगिंग, डकैती, चेन स्नैचिंग आदि के 322 मामलों की जानकारी मिली। (Click here to read complete article)
- दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 'मेक इंडिया नंबर 1' मिशन लॉन्च किया है। उन्होंने इसके साथ ही देश को फिर से महान और नंबर-1 बनाने के लिए पांच मंत्र दिए। उन्होंने इसके साथ ही अपील की कि हमें लड़ना नहीं है, बल्कि साथ-साथ आगे बढ़ना है। इस कैंपेन का आगाज करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक ने दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में कहा- हमें भारत को फिर से नंबर-1 बनाना है। (Click here to read complete article)

## Static Takeaways

- फीफा अध्यक्ष: जियानी इन्फेंटिनो;
- फीफा की स्थापना: 21 मई 1904;
- फीफा मुख्यालय: ज्यूरिख, स्विट्जरलैंड।
- नेटग्रिड का गठन: 2009;
- नेटग्रिड मुख्यालय: नई दिल्ली, भारत।
- एसबीआई अध्यक्ष: दिनेश कुमार खारा।
- एसबीआई मुख्यालय: मुंबई।
- एसबीआई की स्थापना: 1 जुलाई 1955।
- रेल मंत्री: अश्विनी वैष्णव।
- कोटक महिंद्रा बैंक के सीईओ: उदय कोटक;
- कोटक महिंद्रा बैंक मुख्यालय: मुंबई;
- कोटक महिंद्रा बैंक की स्थापना: फरवरी 2003।
- केन्या राजधानी: नैरोबी;
- केन्या मुद्रा: शिलिंग।
- एमएचआरए के मुख्य कार्यकारी: डॉ जून राइन
- मानव औषधि आयोग के अध्यक्ष: प्रोफेसर सर मुनीर पीरमोहम्मद
- कर्नाटक बैंक मुख्यालय: मंगलुरु;
- कर्नाटक बैंक के सीईओ: महाबलेश्वर एम. एस;
- कर्नाटक बैंक की स्थापना: 18 फरवरी 1924।
- महिंद्रा एंड महिंद्रा समूह के अध्यक्ष: आनंद महिंद्रा
- जायडस लाइफसाइंसेज के अध्यक्ष: पंकज पटेल
- टीवीएस मोटर्स चेयरपर्सन: वेणु श्रीनिवासन
- राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना: 1993;
- राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान निदेशक: डॉ गिदुगु आनंद रामदास;
- राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान मूल एजेंसी: पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय।
- आईआरडीएआई की स्थापना: 1999;
- आईआरडीएआई मुख्यालय: हैदराबाद;
- IRDAI अध्यक्ष: देबाशीष पांडा।
- बजाज समूह के संस्थापक: जमनालाल बजाज;
- बजाज समूह की स्थापना: 1926;
- बजाज समूह मुख्यालय स्थान: पुणे, महाराष्ट्र।
- मेघालय राजधानी: शिलांग;
- मेघालय राज्यपाल: सत्य पाल मलिक;
- मेघालय के मुख्यमंत्री: कॉनराड संगमा।
- नासा प्रशासक: बिल नेल्सन;
- नासा का मुख्यालय: वाशिंगटन डी.सी., संयुक्त राज्य अमेरिका;
- नासा की स्थापना: 1 अक्टूबर 1958।
- महाराष्ट्र राजधानी: मुंबई;
- महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री: एकनाथ सिंधे;
- महाराष्ट्र राज्यपाल: भगत सिंह कोश्यारी।
- पेटीएम के एमडी और सीईओ: विजय शेखर शर्मा;
- पेटीएम की स्थापना: अगस्त 2010;
- पेटीएम मुख्यालय: नोएडा, उत्तर प्रदेश, भारत।
- 13वें और वर्तमान FIBA अध्यक्ष: Hamane Niang
- FIBA एशिया अध्यक्ष: सऊद अली। अल-थानी
- एक्सिस बैंक की स्थापना: 1993;
- एक्सिस बैंक मुख्यालय: मुंबई, महाराष्ट्र;
- एक्सिस बैंक के अध्यक्ष: राकेश मखीजा;
- एक्सिस बैंक के एमडी और सीईओ: अमिताभ चौधरी;
- एक्सिस बैंक टैगलाइन: बढ़ती का नाम जिंदगी।
- एडलवाइस एमएफ के प्रबंध निदेशक और सीईओ: राधिका गुप्ता
- सेबी-पंजीकृत निवेश सलाहकार और MyWealthGrowth के सह-संस्थापक: हर्षद चेतनवाला
- मास्टरकार्ड स्थापित: 16 दिसंबर 1966, संयुक्त राज्य अमेरिका;
- मास्टरकार्ड मुख्यालय: न्यूयॉर्क, संयुक्त राज्य अमेरिका;
- मास्टरकार्ड सीईओ: माइकल मिबैक;
- मास्टरकार्ड कार्यकारी अध्यक्ष: अजय बंगा।
- गुडफेलो के संस्थापक और महाप्रबंधक: शांतनु नायडू
- टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज सीईओ: राजेश गोपीनाथन;
- टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज मुख्यालय: मुंबई;
- टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की स्थापना: 1 अप्रैल 1968।
- सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक: पंकज कुमार सिंह;
- सीमा सुरक्षा बल की स्थापना: 1 दिसंबर 1965;
- सीमा सुरक्षा बल मुख्यालय: नई दिल्ली, भारत।
- इसरो अध्यक्ष: एस सोमनाथ
- एचएएल अध्यक्ष: मिहिर कांति मिश्रा
- केंद्रीय अंतरिक्ष मंत्री: जितेंद्र सिंह

